आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- पिछले एक दशक में, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में योग बंधन कार्यक्रम का आयोजन।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत केवल एक सपना नहीं है, बल्कि एक निश्चित मंजिल है।
- 6वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप'' में द्वीपसमूह के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन।

<><><><><><><>

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। सभी के लिए किफायती और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए पिछले एक दशक में, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत, 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य आश्वासन लाभ दिया गया है। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। भारत ने कोविड–19 महामारी के दौरान भी शुरुआती और साहसिक कदम उठाए– पहला मामला सामने आने से पहले एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग से लेकर मास्क पहनने की सलाह, वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और देश भर में तुरंत लॉकडाउन। इसके अलावा, CoWIN प्लेटफॉर्म ने सुचारू वैक्सीन वितरण सुनिश्चित किया, 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, जबकि ई–संजीवनी ने टेलीकंसल्टेशन को सक्षम किया, जिससे मरीज घर से जुड़े रहे। पिछले 11 वर्षों में भारत का स्वास्थ्य सेवा परिवर्तन व्यापक रहा है।

<><><><><><><>

इस महीने की 21 तारीख को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली में आज योग बंधन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना सहित विभिन्न देशों के मुख्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के सिलसिले में चलाये जाने वाले दस प्रमुख कार्यक्रमों में से है और यह योग में संस्थान से संस्थान के बीच सम्पर्क बनाकर वैश्विक सहयोग बढ़ाने के प्रति भारत के दृढ़संकल्प को दर्शाता है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस अवसर पर कहा कि विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपने–अपने देशों में योग को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई है। ये प्रतिनिधि पांच दिन की भारत यात्रा में देश के उन महत्वपूर्ण स्थानों पर भी जाएंगे, जहां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों का आयोजन होना है।

<><><><><><><>

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल परिसर में 'योग बंधन' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं के बीच अनुशासन, टीमवर्क और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देना था। आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित यह प्रमुख पहल 'स्वास्थ्य, सद्भाव और मानवता के लिए योग' का सार्वभौमिक संदेश देती है। इस सत्र में लगभग 30 एन सी सी कैडेट और योग पेशेवरों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम के सभी अधिकारियों और कर्मियों ने आकाशवाणी की कार्यक्रम निष्पादक ललिता तिग्गा के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज तड़के तीन बजे निधन हो गया। वे अट्ठावन वर्ष की थी। श्रीमती ललिता तिग्गा ने आकाशवाणी में अपना सफर 1994 में ट्रांसमिशन एक्सीक्यूटिव के रूप में शुरू किया था। बाद में उन्होंने कार्यक्रम निष्पादक के पद पर रहते हुए किसान वाणी, कृषि जगत और संगीत कार्यक्रम का पदभार संभाला। अंतिम शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे उनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत केवल एक सपना नहीं है, बल्कि एक निश्चित मंजिल है। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने देश को विकसित भारत की ओर ले जाने में प्रमुख हितधारकों के रूप में युवाओं और छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सभी असमानताओं को खत्म कर समानता लाती है। उन्होंने शिक्षा के व्यावसायीकरण के खिलाफ भारत की पारंपरिक गुरुकुल प्रणाली में निहित मूल्यों की ओर लौटने का आग्रह किया। भारत में उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि हमारे युवाओं के लिए हर दिन ब्लू इकॉनमी से लेकर स्पेस इकॉनमी और इनोवेशन से लेकर रिसर्च तक के लिए ढेरों अवसर और संभावनाएं उभर रही हैं। उपराष्ट्रपति ने सरकार के सकारात्मक शासन और हैंडहोल्डिंग नीतियों की सराहना की, जिससे युवा अपने उद्यम और स्टार्टअप शुरू कर पा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से ऐसे अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

हरियाणा के रोहतक में 9 से 14 जून तक आयोजित ''6वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप'' में द्वीपसमूह की एथलीटों की शानदार उपलब्धि रही। इस चैम्पियनशिप में देशभर के 28 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। द्वीपों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 21 पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण, पांच रजत और 12 कांस्य पदक शामिल है। 9 वर्षीय सीएच. सरयू ने मुएथाई में द्वीपसमूह की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बनकर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया।

<><><><><><><>

जिला बाल संरक्षण इकाई ने गैर सरकारी संगठन पंख के सहयोग से सेवा निकेतन, में तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिले के विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों ने भाग लिया। शिविर के दौरान, बच्चों को जीवन कौशल और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद ने बच्चों को सकारात्मक सोच, अनुशासन का महत्व और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। जुम्बा विशेषज्ञ पूजा बिस्वास के नेतृत्व में जुम्बा सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षित योग चिकित्सक रजनी ने बच्चों को सुजोक थेरेपी के बारे में बताया। इस शिविर में विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के छत्तीस बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

होमगार्ड में भर्ती के लिए तीनों ज़िलों के चयनित उम्मीदवारों की सूची के साथ शारीरिक परीक्षण की तिथि और स्थान पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मरीन हिल स्थित पुलिस रेडियो संगठन भवन में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं ।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के लिए स्रोत अधिकारियों का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को यूजीसी के निर्देशानुसार मानदेय दिया जाएगा। आवेदन फार्म कॉलेज प्राचार्य के पते पर सात जुलाई शाम साढ़े चार बजे तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कोलकाता से विशाखापत्तनम होते हुए आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। इसमें तीन सौ दस से अधिक यात्री सवार हैं। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल "सामान्य मूत्र संबंधी समस्याएं: कारण और उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। यूरो सर्जन डॉ. येदावली पूर्णन्दम विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

लांग चिंते रेंज, ब्रिचगंज में 20 जून को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस सिलसिले में सभी संबंधितों को अपने वाहन और मवेशियों को अभ्यास क्षेत्र से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>